स्पीड न्यूज

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए गढ़वा के नौ पहलवान शिरडी गये



**गढ़वा।** महाराष्ट्र के शिरडी में 19 से 22 जनवरी तक आयोजित दसवीं राष्ट्रीय ट्रेडिशनल स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2022-23 में भाग लेने वाले झारखंड राज्य के महिला, पुरुष पहलवानों की चयनित सूची में गढ़वा के नौ पहलवान शामिल हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा के सभी पहलवान सोमवार को रांची पहुंच गये। वहां से झारखंड टीम के साथ शिरडी के लिए प्रस्थान करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में सोनम कुमारी, अनिता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सोनाली कुमारी, आदिति कुमारी, अनुराधा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, विवेक सिन्हा का नाम शामिल है। टीम प्रशिक्षक के रूप में उपासना विश्वकर्मा, टीम मैनेजर सह रेफरी किशोर कुणाल पासवान का नाम शामिल है। टीम को रवाना करते पहुंचे युवा समाजसेवी दौलत सोनी एवं उनकी पत्नी संध्या सोनी ने गढ़वा से जाने वाले पहलवानों के लिए रास्ते का भोजन एवं फल देकर उन्हें रवाना किया। साथ ही उनके जीत की कामना की। इन्होंने कहा कि गढ़वा के कुश्ती खिलाड़ी कभी खाली हाथ वापस नहीं लौटते हैं। इस परंपरा को कायम रखते हुए अधिक से अधिक पदक जीतकर वे वापस आयें। साथ ही इन्होंने पहलवानों के लिए ट्रेन में रिजर्वेशन टिकट कराते हुए थ्री टियर एसी कोच में बर्थ उपलब्ध करवाया। इससे पूर्व नगर परिषद गढ़वा के विधायक प्रतिनिधि युवा समाजसेवी जितेंद्र सिन्हा एवं उनकी पत्नी रश्मि सिन्हा ने कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र इंडोर स्टेडियम में राज्य कुश्ती टीम में चयनित सभी महिला, पुरुष पहलवानों को अपनी ओर से ट्रैक सूट उपलब्ध कराया। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी हमेशा की तरह शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार, जिले एवं राज्य का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधायक व पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जिस तरह से गढ़वा जिले में खेल को बढ़ावा दे रहे हैं, हम भी उनके वाहक के रूप में खिलाड़ियों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर हैं।

## मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित



**गढ़वा।** वीर बाबा चैहरमल कल्याण समिति मेराल इकाई के तत्वावधान में रविवार को ग्राम रजहारा में मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वीर बाबा चैहरमल के चरणों में पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में समाज मे व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डाला और इससे निजात पाने के लिए सभी बच्चे बच्चियों को शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। साथ ही अंधविश्वास, शराब सेवन से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल एवं बच्चों के बीच स्लेट, कॉपी, किताब, कलम आदि वितरण किया गया। मौके पर प्रमंडलीय महासचिव रामजी पासवान, जिला प्रवक्ता संजय कुमार, जिला संरक्षक जयराम पासवान, जिला उपाध्यक्ष सुमेर पासवान, बमभोला पासवान, जितेंद पासवान, डॉ रविन्द्र पासवान, मुनिप पासवान, रामचंद्र पासवान, वार्ड सदस्य ललिता देवी, विनोद पासवान, उपेन्द्र पासवान, नंदलाल पासवान आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने पोषाक और कीट बांटा



**रमना।** राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग दो में कक्षा एक कक्षा दो में पढ़ने वाले 69 बच्चों के बीच ड्रेस एवं जूता, स्वेटर का वितरण सिलीदाग मुखिया अनीता देवी ने किया। साथ ही मुखिया ने अन्य कक्षा के बच्चो के बीच भी कॉपी, पेन, पेंसिल, कटर, रबड़ एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया। कार्यक्रम के वार्ड सदस्य प्रदीप राम, प्रिंसिपल नन्द किशोर चैबे, शिक्षक आशुतोष सिंह, रविन्द्र पाल, किरण सिंह, मनोज सिंह, सुरेंद्र राम, अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रमुख ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



भवनाथपुर। प्रखंड के मकरी स्थित पैक्स में सोमवार को धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सीओ ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदारी के लिये पैक्स का उद्घाटन किया गया। ताकि क्षेत्र के किसानों को अपने उपजे हुए खरीफ फसल धान की उचित मूल्य मिल सके। इसके लिए सरकार द्वारा साधारण धान की मूल्य 2050 रुपया निर्धारित दर तय किया गया है। मौके पर पैक्स संचालक सुरेन्द्र सिन्हा, दयानंद सोनी, मनोज यादव, धनंजय साह, सुनील पासवान, सुनील पासवान, अनिल सिंह, मृत्युंजय गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## कलश यात्रा में शामिल हुए जिप सदस्य

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत तेतरौन निवासी राजदेव यादव के नूतन गृह प्रवेश कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी जिप सदस्य केदारनाथ यादव उपस्थित होकर नारियल फोड़कर व फीता काटकर शुभारंभ किया। वहीं उन्होने 51 कलश धारण महिलाओं को उत्तरवाहिनी नदी के लिए रवाना किया। वहीं आचार्य शंकर पांडे के द्वारा मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भरकर पुनः गृह में कलश स्थापित किया गया। मौके पर आशा देवी, रीना देवी, धनेश्वर राणा, रामचंद्र यादव, महावीर यादव, महेश दास, राजेंद्र रविदास, दिलीप दास, विकास यादव, राजू यादव, गोविंद यादव, कालू यादव, देव नारायण यादव, इसराइल अंसारी, महादेव ठाकुर, रामू महतो, लक्ष्मण यादव, जागेश्वर यादव, रामेश्वर महतो, अनीता देवी शिक्षिका समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# सीएम की जोहार यात्रा आज

## ढिबरा और माइका उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए हेमंत सोरेन देंगे बड़ी सौगात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- कोडरमा के बागीटांड स्टेडियम में आम सभा को करेंगे संबोधित
- सदर अस्पताल, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, मॉडल आंगनबाडी केंद्र का करेंगे दौरा





**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को अपने खतियानी जोहार यात्रा के तहत कोडरमा पहुंचेंगे। वे यहां दोपहर एक बजे से बागीटांड में आयोजित सभा में शामिल होगे और लोगों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बागीटांड स्टेडियम में भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। आयोजित सभा के दौरान सीएम कोडरमा व गिरिडीह जिले के ढिबरा, माइका उद्योग को पुर्नजीवित करने के लिए लोगों को सौगात देंगे, इसको लेकर तैयारी की गई है। वहीं ढिबरा, माइका के कारोबार को पुर्नजीवित करने को लेकर गत माह तैयार पॉलिसी के तहत सहकारी समितियों के जरिए मजदूरों को जोड कर ढिबरा की खरीद बिक्री की सांकेतिक शुरूआत मुख्यमंत्री के हाथों कराने की तैयारी है। सीएम कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक रूप से एक ट्रक में लोड ढिबरा को जेएसएमडीसी के चंदवारा के थाम में चिन्हित डंप के लिए रवाना करेंगे। तय नीति के तहत डंप में ढिबरा, माइका की छंटाई होने के बाद इसकी ऑनलाइन नीलामी करने का प्रावधान है। अगर यह नीति सफल रही तो कोडरमा व गिरिडीह जिले की लाखों की आबादी को फायदा होगा और रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही ढिबरा का कारोबार वैध होने पर व्यापारियों को भी राहत मिलेग।

मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम व ढिबरा उद्योग को पुर्नजीवित करने के लिए की गई तैयारी की जानकारी देते हुए सोमवार को डीसी आदित्य रंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पॉलिसी के तहत सहकारी समितियों के जरिए ढिबरा कारोबार को गति देना है, इसके लिए अब तक दो समितियों का निबंधन हुआ है, तीन अन्य के निबंधन की प्रक्रिया चल रही है।

वहीं डीसी ने बताया कि ढिबरा चुनने के कार्य में वास्तविक रूप से जुडी महिलाओं को समितियों से जोड़ते हुए अन्य का निबंधन कराया जाएगा, इसके लिए जेएसएलपीएस को निर्देशित किया गया है। जिले में कई समितियां बना वास्तविक मजदूरों को लाभ पहुंचाने का काम होगा। डीसी ने बताया कि सीएम खतियानी जोहार यात्रा के तहत कोडरमा आ रहे हैं, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग में हाल में की गई 63 नियुक्तियों में से कुछ को नियुक्ति पत्र दिलाने की भी तैयारी है। साथ ही अगर मुख्यमंत्री की इच्छा हुई तो उन्हें सदर अस्पताल, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, राजकीय कृत प्सल टू उच्च विद्यालय, मॉडल आंगनबाडी केंद्र आदि का विजीट करवाया जाएगा। डीसी ने कहा कि हाल के महीनों में जिले में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी कार्य हुए हैं, इसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि सीएम पहले हेलीकाप्टर से जेजे कॉलेज मैदान में पहुंचेंगे, इसके बाद सड़क मार्ग से बागीटांड स्टेडियम आएंगे, यहां के बाद उनका कार्यक्रम गिरिडीह जाने का है, तय कार्यक्रम के अनुसार जिले में किसी अन्य जगह के भ्रमण का जिक्र नहीं है।

# सड़क सुरक्षा को ले डीसी और एसपी ने जागरूकता रथ को रवाना किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले में 10 से 17 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम को लेकर डीसी आदित्य रंजन व एसपी कुमार गौरव ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान डीसी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाला गया है, ताकि लोग वाहन परिचालन के दौरान नियमों का पालन करें। उन्होंने वाहन चालकों से वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब का सेवन नही करने, दो वाहनों के बीच उचित दूरी बनाए रखने, वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों को कड़ाई से पालन करने आदि की अपील की। डीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पूरे सप्ताह तक सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं एसपी कुमार गौरव ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का अवश्य प्रयोग करें, ट्रिपल लोड नही चलें, सभी प्रकार के कागजात रखें। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी अनिल कुमार तिर्की, डीटीओ भगीरथ प्रसाद आदि मौजूद थे।

## पत्थर खदान से छठे दिन भी नहीं निकाला जा सका शव

**डोमचांच (कोडरमा)।** पत्थर खदान हादसे को लेकर खदान से पानी निकालने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसके लिए मोटर व दो सौ केबी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस दौरान एनडीआरएफ की 11 सदस्यीय टीम पांचवे दिन भी शव को ढूंढने के प्रयास करती रही। एनडीआरएफ टीम ने कहा है कि हमारा डाइवर जब गहरे पानी में जाता है तो वहां दल-दल, सुरंग और पेड़ के जड़ हैं जो उसे आगे बढ़ने में बाधक है। हमारी टीम अपने अथक प्रयास से पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पानी बहुत ठंड है, जिसके कारण परेशानी आ रही है। उल्लेखनीय हो कि पानी खाली करने व उच्च स्तरीय टीम की मांग मृतक की पत्नी ने उपायुक्त से की थी, जिसे लेकर मृतक की पत्नी ने आमरण अनशन की बात कही थी। सोमवार की सुबह महेशपुर चैक के समीप परिजन समेत ग्रामीण इकट्ठा भी हो गए लेकिन डोमचांच सीओ मादेव प्रिया ने परिजनों को समझाया कि पानी खाली किया जाएगा और स्थानीय प्रशासन अपनी ताकत इसमें झोंक देगी।

## ग्रिजली कॉलेज में सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन झुमरीतिलैया में आइक्यूएसी के तत्वावधान में सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. बीसी स्वेन ने स्वागत भाषण देकर किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र महाविद्यालय के सचिव अविनाश सेठ ने प्रशिक्षुओं का परिचय लिया। वहीं उन्होने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रोफेशन के प्रशिक्षण काल में शत प्रतिशत उपस्थित होकर कला कौशल को जानकर समाज को सकारात्मक सोच तथा दिशा दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने महाविद्यालय की प्रशिक्षुओं को उपलब्धियों की जानकारी दी, उन्होंने प्रशिक्षुओं को भविष्य में कुशल अध्यापक बनने के लिए प्रेरित किया। मौके पर राजन, पूजा, राजकुमार, नीतीश, सुरेश, रोहित, सोनू, धनेश्वर, सूरज, शमा प्रवीण, ज्योति, कविता, किरण, प्रीति, उमेश, सूर्य देव, रोशन कुमार आदि मौजूद थे।

# सीनियर में आरके पब्लिक और जूनियर में नवोदय बना चैंपियन

**21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ संपन्न**



**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में आरके पब्लिक स्कूल ने रोमांचक मुकाबले में स्कूल ब्राइट फ्यूचर को नौ रनों से हराकर लगातार दूसरी बार और प्रतियोगिता में आठवीं बार चैंपियन बना। जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय ने बीएनटी संत मैरी को हराकर पांच साल बाद फिर से चैंपियन बना। सभी विजेता, उप विजेता और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डीडीसी राजेश कुमार राय, संजय पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्याय सुशील केशरी, धनंजय सिंह, नंद कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, सियाराम शरण वर्मा, सिस्टर रोशना, पंकज सिंह, चंद्रभूषण सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे और नवनीत शुक्ला ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया।

सीनियर वर्ग के फाइनल मैच में आरके पब्लिक स्कूल में पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकित के 39 और सच्चिदानंद के 17 रनों के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 149 रन बनाए। स्कूल ब्राइट फ्यूचर की ओर से बलजीत ने तीन विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम निर्धारित ओवरों में यूसुफ के 45 फरहान के 25 रनों के सहयोग से सात विकेट खोकर 140 रन ही बना पायी। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से सौरव ने दो विकेट प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग के फाइनल में जवाहर नवोदय विद्यालय में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आरिफ के 18 और आशीष के 15 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 104 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उत्तरी बीएनटी संत मैरी की टीम 52 रनों पर ही सिमट गई। जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से ऋषभ ने चार विकेट प्राप्त किया। डीडीसी ने कहा कि आपने जो सपना देखा है उसे पूरा करने के लिए आपको आज कसम खाने की जरूरत है कि हम अपने सपने अपने लक्ष्य को कैसे हासिल करें।इस दौरान समाजसेवी संजय पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव आनंद सिन्हा व अन्य संबोधित किया।

# जिले का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता : भोक्ता

**मंत्री ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ विकास को लेकर की बैठक**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में जिला परिषद, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष की उपस्थिति में जिले में संचालित विकास योजनाओं कि समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक को मंत्री श्री भोक्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे राज्य में इस तरह की पहली बैठक चतरा में हो रहा है। सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ आपस में बैठकर उनकी समस्याओं और उनकी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होने का यह बेहतर प्रयास है। प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर जिले के विकास को गति प्रदान करना है। हमसब जिले के विकास के लिए गम्भीरता पूर्वक प्रयासरत हैं। जिले का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद मद, पंचायती राज (15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजना), नगर परिषद मद से संचालित योजनाओं से संबंधित कार्यों कि प्रगति प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि वैसे योजनाएं जिसका कार्य लगभगत पूर्ण की ओर है उस कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें तथा वैसे कार्य जो अभी तक लंबित है उसपर नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक के पश्चात मंत्री द्वारा श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत यथा प्रवासी श्रमिक योजना, मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना से लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया।

बैठक में उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, प्रभु दयाल यादव, नगर परिषद अध्यक्ष गुंजा देवी समेत जनप्रतिनिधि के साथ साथ जिला के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



महिला को चेक देते मंत्री सत्यानंद भोक्ता, डीसी व एसपी।

एक नजर में

## चतरा में रन फॉर रोड सेफ्टी आयोजित




चतरा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में 'रन फॉर रोड सेफ्टी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'रन फॉर रोड सेफ्टी' कार्यक्रम पूर्वाहन 9:00 बजे जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक किया गया। रन फॉर रोड सेफ्टी' कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए स्वयं उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दौड़ लगाया गया। साथ हीं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल,अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी चतरा, संतोष कुमार सिंह समेत जिला एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी/कर्मी मौजूद रहे। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करना है। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु जिला परिवहन विभाग, चतरा द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान की सराहना किया। साथ हीं उन्होंने कहा कि आमलोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु इसी प्रकार अलग अलग तरह के व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कही। मीडिया के माध्यम से आम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सभी से अपील की अपने एवं परिवार के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें, सीट-बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करें, ऐसी कई महत्वपूर्ण बातें उपायुक्त द्वारा कही गई। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया के माध्यम से सभी अभिभावकों से अपील किया की ड्राइविंग लाइसेंस बनने के पश्चात ही वह बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति दें।

## चीना प्रीमियर लीग मैच शामिल हुए मंत्री



चतरा। राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता चतरा नगरपरिषद क्षेत्र के वादी-ए-इरफान मुहल्ले के चीना क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट समापन मैच समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता ने विजेता उपविजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जेएस?एलपीएस विभाग मंत्री प्रतिनिधि फजलू रहमान, मोहम्मद इकबाल कासिम समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## चतरा कॉलेज में बीएड प्रशिक्षुओं का स्वागत



**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा के बीएड संभाग में सोमवार को सत्र 2022- 24 के नए बी.एड. प्रशिक्षुओं का जोरदार स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह का आयोजन सत्र 2021- 23 के बी.एड. प्रशिक्षुओं के द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एड. संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह ने किया। नए प्रशिक्षुओं का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर उनका बी.एड. संभाग में प्रवेश कराया गया, उनके प्रवेश के बाद मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में प्रो.ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो.प्रेम बसंत बाखला, प्रो. शोभा कुजुर, प्रो .चंदन कुमार सिंह, डॉ.मो.मुमताज अंसारी, डॉ. संजय कुमार, प्रो. अमित कुमार सिंह, एवं नए सत्र 2022- 24 तथा 2021- 23 के सभी प्रशिक्षु मौजूद रहे। प्रो. प्रेम बसंत बाखला ने सभी नए बी.एड. प्रशिक्षुओं का हार्दिक स्वागत किया तथा उनके पठन- पाठन एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।सभी नए बी.एड प्रशिक्षुओं को स्वागत गीत के साथ अभिनंदन किया गया। प्रोफेसर चंदन कुमार सिंह ने बी. एड़ पाठ्यक्रम की सभी विषयों पर चर्चा की तथा अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो अधिकतर नागपुरी से जुड़े रहें और झारखंड की माटी की याद दिलाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दोनो सत्र के प्रशिक्षुओं का अहम योगदान रहा है जिसमेंअमिता,संदीप, आलोक,विक्की, उज्जवल, उमेश, गणेश, करण, बसंत, संतु, नीतू, निधि, अलीशा, अन्नू, राजलक्ष्मी, शिवानी, प्रगति, अर्चना, प्रतीक्षा, मनीष, अश्विनी, सद्दाम, नैना,प्रिंस के साथ- साथ सभी बी.एड प्रशिक्षुओ की अहम भूमिका रही।

## बाइक बिना हेलमेट का न चलाएंः नीलेश




**टंडवा(चतरा)।** कबरा पंचायत मुखिया नीलेश झासेन ने समस्त कबरा पंचायत वासियों से आग्रह किया है कि कृप्या दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें , एवं दो पहिया वाहन पर दो ही सवारी चलें। वाहन की समस्त कागज एवं ड्राइविंग लाइसेन्स साथ लेकर चलें , एवं वाहन जाँच अभियान में प्रशासन की मदद करें ।प्रशासन द्वारा ये वाहन जाँच आपकी भलाई एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये किया जा रहा है ना कि आपको परेशान करने के लिये इसलिये प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें ।

## हाथियों ने घर तोड़ा और फसल को रौंदा

**सिमरिया (चतरा)।** जंगली हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। रविवार की रात हाथियों का झुंड तुंबापतरा गांव घुस आया जहां उन्होंने किसान चिंतामन गंझु का घर ध्वस्त कर दिया और खेत में लगी आलू की फसल को बर्बाद कर दिया। हाथियों का झुंड जतराही क्षेत्र भी पहुंचा जहां लगभग पांच एकड़ में लगी आलू, सरसों, मटर गेहूं आदि फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली हाथी लगातार किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जबकि वन विभाग इन्हें नियंत्रित करने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं कर रही है। उन्होंने विभाग से जंगली हाथियों को भगाने का कोई ठोस उपाय करने की मांग की है।

## चार एकड़ पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट



**चतरा।** एसपी राकेश रंजन ने गैर कानूनी काम करने वालों के विरुद्ध एक तरह का अभियान चला रखा है।उनके निर्देशन एवं अभियान का परिणाम है की थाना क्षेत्रों में अवैध धंधा करने वाले सकते में हैं। ज्ञात हो की सोमवार को हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना के सशत्र बल एवं वन विभाग की संयुक्त अभियान में थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कौलेश्वरी जोन के ग्राम हटवरिया के सतबनवा जंगल में लहलहराहे पोस्ता को नष्ट किया गया है।इस अभियान में लगभग 4 एकड़ भूमि में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया की सुदूरवर्ती और जंगली क्षेत्र होने के कारण ग्रामीण पोस्ता की खेती उपजा रहे थे।पोस्ते की खेती करने वालों को पुलिस चिन्हित करने में जुट गई है।चिन्हित कर अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के विरुद्ध कानून सख्ती से निबटने का काम करेगी।बहुत जल्द अवैध धंधा करने वाले सलाखों के पीछे होंगे।

## झारखंड जनाधिकार महासभा ने गृह सचिव व प्रधानसचिव से किया मानवाधिकार उल्लंघन मामलों के विरुद्ध कार्यवाई की मांग

# सुरक्षा बल लोगों को परेशान नहीं करे : महासभा

➲ टाना भगत के विरुद्ध मामलों को वापिस लिया जाए। हिरासत में मौत के मामलों में दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर न्यायसंगत करवाई की जाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड जनाधिकार महासभा का प्रतिनिधिमंडल ने गृह सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से मुलाकात कर राज्य में आदिवासी-वंचितों के मानवाधिकार के लगातार हनन के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की और संलग्न मांग पत्र दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में अलोका कुजूर, अनिल सिंह, एलिना होरो, लालमोहन सिंह, पीएम टोनी व सिराज समेत अन्य शामिल थे। सचिव ने कार्यवाई का आश्वासन दिया।


सचिव को महासभा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की।

### दमन के मामलों से कराया अवगत

महासभा ने प्रेस विज्ञप्ति देते हुए बताया कि सचिव को वर्तमान में आदिवासी मूलवासियों वंचितों के विरुद्ध विभिन्न तरीकों से पुलिसिया व सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे दमन के मामलों से अवगत कराया। पश्चिमी सिंहभूम लातेहार समेत अन्य कई जिलों में नक्सल अभियान की आड़ में सुरक्षा बल द्वारा आदिवासियों पर व्यापक हिंसा हो रही है। हिरासत में भी हिंसा के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। हिंसा के विरुद्ध प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की जाती। अधिकांश मामलों में न तो पीड़ितों को मुआवजा मिला है और न ही दोषियों पर कार्रवाई हुई है। केवल संदेह के आधार पर या केवल माओवादियों को महज खाना खिलाने के लिए निर्दोष आदिवासी-वंचितों को माओवादी घटनाओं के मामलों में फर्जी रूप से आरोपित किया जा रहा है।

### आदिवासियों में डर और दमन का माहौल बना हुआ है

बिना ग्राम सभा की सहमति व लोगों से चर्चा किए ही गावों में सुरक्षा बलों के कैंप को जबरन स्थापित किया जा रहा है। इससे गावों में और खास कर ग्रामीण आदिवासियों में डर और दमन का माहौल बना हुआ है एवं गाँव-समाज में विभाजन भी हो रहा है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन वर्षों में पुरे राज्य में 44 कैंपों की स्थापना की गयी। प्रतिनधिमंडल ने कहा कि पांचवी अनुसूची क्षेत्र जैसे पश्चिमी सिंहभूम में स्थापित किए गए कैंप की स्थापना संबंधित दस्तावेजों जैसे ग्राम सभा सहमति पत्र, वन विभाग एनओसी आदि को सरकार सार्वजानिक करे। प्रतितिधिमंडल ने गृह सचिव को कई खास मामलों की विस्तृत जानकारी दिया

### मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग को पुनर्जीवित करें

निर्जीव पड़े हुए राज्य मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग को पुनर्जीवित किया जाए और इस आयोग की कार्यप्रणाली जनता के लिए सुलभ हो। महिलाओं के लिए एक सिंगल विन्डो शिकायत निवारण प्रणाली बनाई जाए जिससे महिलाएँ किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में न्यूनतम दस्तावेजों के साथ शिकायत दर्ज कर सकें।

**प्रतिनिधिमंडल ने सचिव से निम्न मांग किया है**

सूचि के सभी मामलों में उचित कार्यवाई कर पीड़ितों को न्याय और मुआवजा व दोषियों के विरुद्ध कार्यवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार सुनिश्चित करे कि पुलिस व सुरक्षा बलों की हिंसा के पीड़ितों द्वारा दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। नक्सल विरोधी अभियानों की आड़ में सुरक्षा बलों द्वारा लोगों को परेशान न किया जाए। केवल संदेह के आधार पर या केवल माओवादियों को महज खाना खिलाने के लिए निर्दोष आदिवासी-वंचितों को माओवादी घटनाओं के मामलों में न जोड़ा जाए। लोगों पर फर्जी आरोपों पर मामला दर्ज करना पूरी तरह से बंद हो।

### दोषी पदाधिकारियों पर न्यायसंगत करवाई की जाये

सभी पत्थलगड़ी प्राथमिकियों में क्लोजर रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें बंद किया जाए। टाना भगत के विरुद्ध मामलों को वापिस लिया जाए। हिरासत में मौत के मामलों में दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर न्यायसंगत करवाई की जाए, लंबित मामलों में चार्जशीट दाखिल कर जांच पूरी की जाए एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुरूप प्रत्येक थाने में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। एवं हिंसा में मारे गए मृतक के परिवार को मुआवजा मिले।

## स्पीड न्यूज

### पीसीआर वैन के धक्के से युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के टमटमटोला ग्राम के समीप रविवार देर रात पीसीआर वैन के धक्के से एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार महतो 35 वर्ष पिता सतन महतो बीरहू सिमरिया निवासी सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान पीसीआर वैन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ.सुरेंद्र कुमार की देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल राजकुमार महतो बालूमाथ के टमटम टोला में ट्रैक्टर गैरेज में काम करता है। काम खत्म कर वह वापस अपने डेरा जा रहा था इसी दौरान यह घटना हुई।

### महेंद्र सिंह के 19वीं शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

**लातेहार।** गरीबों के आवाज जन संघर्षों के महानायक शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के 19वीं शहादत दिवस को लातेहार में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। भाकपा माले जिला कार्यालय से शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो, खेतों में खलिहान में जनता के अरमानों में, भाकपा माले जिंदाबाद, भाजपा भगाओ देश बचाओ, 11वा महाधिवेशन सफल करो के नारो के साथ शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन: माले कार्यालय पर सभा आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ संकल्प लिया। संकल्प मार्च का नेतृत्व भाकपा माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम, प्रखंड प्रभारी गोपाल प्रसाद, किसान नेता दुर्गा सिंह, सोहराई सिंह, भोला सिंह, उदयराम ने किया।

### अवैध कोयला लोड ट्रैक्टर के साथ दो को पकड़ा, गए जले

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस की टीम ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआमिलान मोची दाड़ी पतरा के समीप अवैध कोयला लोड ट्रैक्टर के साथ दो लोगो को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़े गए लोगो मे ट्रैक्टर मालिक सूरज उरांव पिता कर्मा उरांव व चालक करमचंद उरांव पिता बोदा उरांव (शांति खुटेर बालूमाथ) शामिल है। जिन्हें अग्रतर कार्रवाई के बाद सोमवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर के डाले में अंदर से कोयला और ऊपर से टुकड़ा ईंट रखकर अवैध तरीके से कोयले की सप्लाई की जा रही थी। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 16/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ हीं अवैध कोयले के खेल से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जल्दी में पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### अभाकिस ने मनाया बगोदर के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह की पुण्यतिथि



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा के द्वारा किसान सभा कार्यालय में बगोदर के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह की 19वीं पुण्यतिथि मनायी। सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर सभी साथियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा उपाध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि महेंद्र सिंह बगोदर विधानसभा से चुनाव जरूर जीते थे, लेकिन पूरे झारखंड के मजदूरों किसानों शोषित और पीड़ित दलितों सहित आम जनता की आवाज को झारखंड विधानसभा में लोकतांत्रिक तरीके से उठाते थे, जो माफिया एवं सामंती गठजोड़ के लोगों को बर्दाश्त नहीं हुआ और एक साजिश के तहत लोकतंत्र के दुश्मनों ने जननायक विचार क्रांति के योद्धा महेंद्र सिंह को दुर्गी धनिया गांव में एक सभा को संबोधित करने के क्रम में गोली मारकर हत्या कर दिया था। बैठक में अंचल सचिव अनिल साहू ने मजदूरों किसानों के लिए संघर्ष करने यह संगठन को मजबूत करने पर अपना विचार दिया। बैठक में इंदु भूषण पाठक बाबूलाल गंझू, भूषण रजक, किटका गंझू, तेजू राम, शत्रुघ्न गंझू, शर्मा गंझू, अजय कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## थर्ड लाइन निर्माण में लगी केईसी कंपनी के कर्मियों को बंधक बनाकर उग्रवादियों ने मचाया उत्पात

# चार कर्मियों को पीटा, एक कैंपर वाहन को क्षतिग्रस्त

➲ आधे घंटे तक बंदूक की नोक पर बनाये रखा बंधक

➲ चंदवा के माल्हन केंदुआटांड स्थित रेलवे के कन्स्ट्रक्शन साइट की घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** थर्ड लाइन निर्माण कार्य में लगी केईसी कंपनी के कंस्ट्रक्शन साइट पर जीपीसी संगठन के दर्जन भर उग्रवादियों ने जमकर तांडव मचाया है। जहां चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत अंतर्गत केंदुआ टांड स्थित केईसी कंपनी के बेचिंग प्लांट में रविवार की देर रात जमकर जेपीसी उग्रवादियों ने धावा बोल दिया। इस दौरान साइट पर मौजूद डेढ़ दर्जन कर्मियों के मोबाइल लूट लिये व बंदूक की नोक पर बंधक बनाकर जंगल मे ले


बोलेरो में किया गया तोड़ फोड़।

गए व आधे घन्टे तक अपने कब्जे रखा। इस दौरान कर्मियों को डरा धमकाकर कंपनी के जीएम से बात कराने की बात कह रहे थे। इस दौरान अपराधियों ने साइट पर मौजूद मिलर ऑपरेटर छोटन गंझू, कैम्पर ऑपरेटर संजय महतो व जेसीबी ऑपरेटर विकाश यादव व सुरक्षा प्रहरी मनीष कुमार ठाकुर के साथ मारपीट की जिससे उन्हें काफी चोटें आई है। इधर घटना को अंजाम देने के बाद जाते समय


पिटाई से घायल कर्मी जानकारी देते हुए।

कर्मियों का मोबाइल वापस कर दिया, हालांकि एक साइट इंचार्ज मंटू ठाकुर के मोबाइल को उग्रवादी अपने साथ ले गए हैं। साथ ही जाते-जाते काम बंद करने की भी धमकी दे गए। धावा बोलने पहुंचे उग्रवादी अपने आप को जेपीसी संगठन के टिंकू जी के सदस्य का सदस्य बता रहे थे। इधर सूचना के बाद चंदवा पुलिस सदल बल के जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

हालांकि जब तक पुलिस घटनास्थल पहुंचते उग्रवादी अपने मंसूबे को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। पुलिस उग्रवादियों की धर पकड़ को लेकर अभियान टाइज कर दिया है। बता दें कि उक्त साइट पर कई बार नक्सली व उग्रवादी हमला हो चुका है। बीते वर्ष 21 अगस्त को भी उक्त संगठन के द्वारा उक्त साइट पर वाहनों में तोड़फोड़ व गोली बारी की गई थी। वहीं 30 दिसंबर 2019 की रात्रि इसी स्थान पर एस निशा कंपनी के साइट पर टीएसपीसी संगठन के उग्रवादियों ने जम कर टांडव मचाया था। इसके अलावे कंपनी के बेचिंग प्लांट से कुछ दूर स्थित निर्माण कार्य स्थल पर बीते 21 अक्टूबर 2022 को माओवादियों ने धावा बोलकर एक इंजीनियर व दो कर्मियों को गोली मारकर घायल कर दिया था।

### मूरु और लाहीबार विद्यालय के बच्चों के बीच नोटबुक कॉपी का किया गया वितरण


लाहीबार विद्यालय में कॉपी का वितरण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ बच्चों के शिक्षा का स्तर बढाने का प्रयास कर रही है सरकार : जगेश्वर किसान

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार की विद्यालय कीट योजना के तहत सोमवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लाहीबार और उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरु में कक्षा प्रथम से पांचवी तक के विद्यार्थियों के बीच निशुल्क कॉपी का वितरण किया गया। उक्त दोनों विद्यालय में कॉपी वितरण कार्यक्रम की शुरूआत मुरू विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगेश्वर किसान और लाहिबार विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमन सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर मूरू विद्यालय के शिक्षक जगेश्वर किसान ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं को किताब कॉपी और पेंसिल का वितरण कर बच्चों के शिक्षा का स्तर बढाने का प्रयास कर रही है। बताया कि सरकार के द्वारा मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ सभी छात्र-छात्राओं के बीच उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं लाहीबार के शिक्षक रमन सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों को नोटबुक कॉपी मिलने से उन्हें पढ़ने लिखने में काफी मददगार साबित होगा। कहा कि सरकारी स्कूलों में गरीब के बच्चें ही शिक्षा ग्रहण करते है। ऐसे में सरकार की यह विद्यालय कीट योजना काफी सहायक सिद्ध हो रही है। मौके पर सभी शिक्षक गण मुख्य रूप उपस्थित थे।

### समस्याओं का समाधान करने हेतु बीडीओ के नाम सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मांगपत्र सौंपते कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन सोमवार को,भाकपा माले प्रखंड कमेटी मनिका के तत्वधान में,शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की उन्नीसवीं शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले के प्रखंड सचिव मुनेश्वर सिंह ने किया। प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न मांगों को पूरी करने को लेकर बीआरसी रोड से रैली निकाली गई। रैली पचफेड़ी चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंची जहां रैली जनसभा में तब्दील हो गई। कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय का घेराव कर शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम,गरीबों की राशन कटौती करने वाले डीलरों को निलंबित करो,राशन देने की गारंटी दो,लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करो,समेत इत्यादि नारा लगा कर प्रशासन से अपनी मांगों को अभिलंब पूरी करने की मांग कर रहे थे। पदाधिकारियों के द्वारा मांगे पूरी नहीं करने पर कार्यकताओं ने उग्र आंदोलन करने का आवाहन किया। प्रखंड सचिव मुनेश्वर सिंह ने बताया कि आज हम लोग कामरेड शहीद महेंद्र सिंह का 19 वां शहादत दिवस को पूरे राज्य में संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं। जिसे लेकर रैली निकाली गई है और रैली के माध्यम से क्षेत्र में हो रही समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के नाम से सीआई महेश सिंह को मांग पत्र सौंपा गया क्योंकि बीडीओ जिले के मीटिंग में गए हुए थे। मौके पर किसान महासभा के जिला अध्यक्ष धनेश्वर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव, नागेंद्र राम, संजय सिंह, बचन सिंह, कामेश्वर सिंह, नन्देव सिंह, आशिक मियां, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## जिले की प्रत्येक स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं, सभी पदाधिकारी गुणवत्तापूर्ण कार्य करें: भोर सिंह यादव

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, भू-अर्जन ,मुख्यमंत्री पशुधन योजना,मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास, पशुशेड निर्माण ,समाज कल्याण,आपूर्ति विभाग, जॉब कार्ड आदि की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जन शिकायत के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर शेष मामलों का निष्पादन का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत सभी योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना संबंधित पदाधिकारियों का कर्तव्य है, किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नही किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास, बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने और शेष योग लाभुकों को स्वीकृति देने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता मद, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद समेत अन्य मदों से जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया तथा पर्यटन विकास व खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।


बैठक में मौजूद डीसी व अन्य।

### बैठक में ये अधिकारी थे मौजूद

बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन दिनेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले की प्रत्येक स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर ध्यान दिया जाए

उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग ऐसे विद्यालय की सूची उपलब्ध कराए जहां शौचालय की व्यवस्था नहीं है ताकि प्राथमिकता के आधार पर शौचालय बनवाया जा सके। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूली बच्चो के नेत्र जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें

इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने व समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें।

## एक नजर में

### थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित दिया जानकारी

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के छट्टे दिन मोटरयान निरीक्षक लातेहार सुनील कुमार एवं थाना प्रभारी लातेहर चंद्रशेखर चौधरी के लातेहार मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लातेहर मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण लेने आए चालको को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान श्री कुमार ने लोगों से अपील की गई कि सड़क दुर्घटना में घायल का वीडियो फोटो बनाने के बजाए तत्काल मदद पहुंचाने का प्रयास करें ताकि उसका जान बच सके।

### जिम्मेदारों ने नहीं सुनी फरियाद तो ग्रामीणों ने खुद श्रमदान कर बना दी सड़क

➲ बरवाडीह प्रखंड के कुचिला पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीचट्टान का मामलाप्रदान करें


श्रमदान करते ग्रामीण।

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के एक गांव में सड़क नहीं होने की समस्या को ग्रामीणों ने ही समाप्त कर दिया है। ग्रामीणों ने कई बार सरकारी तंत्र से गुहार लगाई पर कुछ न होने पर स्वयं एकजुट हुए और श्रमदान कर सड़क बना दी है। मामला बरवाडीह प्रखण्ड के कुचिला पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीचट्टान का है। जहां के लगभग 70 की संख्या में ग्रामीणों ने उप मुखिया सरिमन सिंह, पंचायत समिति बलराम सिंह और वार्ड सदस्य सीमा देवी के नेतृत्व में श्रमदान कर लगभग तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क काफी जर्जर थी। जिसपर वाहन तो दूर बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल था। ग्रामीणों ने रोड पर मिट्टी मोरम डालकर सड़क को चलने लायक बना दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बारीदोहर से बारीचट्टान तक जाने के लिए यही एकमात्र सड़क है। जन प्रतिनिधियों से लेकर सांसद विधायक तक लगातार गुहार लगाने के बाद जब सड़क नहीं बनी तो उन्होंने थक-हारकर अपने प्रयास से सड़क निर्माण करने की ठान ली। ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनाकर पंचायत के साथ जनप्रतिनिधियों को आइना दिखाया है। सड़क के बन जाने से अब गांव के लोगों को आने जाने में परेशानी नहीं होगी।

### पहाड़ी शिव मंदिर निर्माण को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का हुआ शुभारंभ


कलश यात्रा में उपस्थित गणमान्य।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत अंतर्गत कंचनपुर में पहाड़ी शिव मंदिर निर्माण को लेकर सोमवार से पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत की गई। यज्ञ की शुरूआत को लेकर यज्ञ अस्थल से सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। जहां मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह समेत अन्य अतिथियों ने शिरकत करते हुए कलश यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को कलश देकर कोयल औरंगा नदी के संगम तट पर जल लेने को लेकर रवाना किया। लगभग छह किलोमीटर की पैदल यात्रा कर श्रद्धालुओं ने केचकी संगम तक पहुंच कर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए संगम तट से जल लेकर यज्ञ स्थल के लिए रवाना हुए। कलश यात्रा के दौरान यज्ञ स्थल से लेकर संगम तक पूरा भक्ति में माहौल में रमा हुआ था। इस दौरान लोग झूमते नाचते गाते और हर हर महादेव के नारे भी लगा रहे थे । मंदिर स्थापना को लेकर आयोजित यज्ञ को लेकर रामचंद्र सिंह ने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा को लेकर मंदिरों का निर्माण समाज में शुभ संकेत है, जहां मंदिर के निर्माण को लेकर यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र शुद्ध और भक्तिमय हो जाता है । इस दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य जीबोध सिंह, ईश्वर सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, पंकज कुमार पासवान, आलोक कुमार सिंह, सुजीत गुप्ता, विकास कुमार सिंह, विजय प्रसाद, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### सांसद खेल स्पर्धा को लेकर भाजयुमों ने किया प्रेस वार्ता


प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित होटल द ब्लिस में भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष कुमार सागर की अध्यक्षता में नेतरहाट में होने वाले सांसद खेल स्पर्धा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजयुमो लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा सांसद खेलो स्पर्धा निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक अच्छा पहल एक बड़ी पहल है और इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह ने बखूबी निभा रहे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अपनी प्रतिभा को सामने ला सके अपनी प्रतिभा को दिखा सके और राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर जा सके। एथलेटिक्स खेल में चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों से सभी पंचायत स्तर के लोग इस खेल में भाग लेंगे और भाला फेंक, गोला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर की दौड़, 400 मीटर की दौड़, 800 मीटर की दौड़, रिले रेस जैसे अन्य खेलो मे भाग लेंगे। इस खेल में 9वां से 12वां कक्षा के लोग शामिल होंगे। मौके पर भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार उपस्थित थे।

